# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में 3 साल के लंबे इंतजार के बाद प्रदेश में राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) के आयोजन किस विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।**

(A) गोविन्द गुरु जनजातीय विवि

(B) राजस्थान विश्वविद्यालय

(C) कोटा विश्वविद्यालय

(D) इनमें से कोई नही

- प्रोफेसर बनने का सपना राजस्थान में सहायक देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी आई है। तीन साल के लंबे इंतजार के बाद प्रदेश में राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) के आयोजन को हरी झंडी मिल गई है।
- इस बार इस महत्वपूर्ण परीक्षा की कमान कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी गई है, जिसने अधिसूचना जारी करने की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।
- इससे पहले 2013 में आरपीएससी और फिर 2023 में इसकी जिम्मेदारी बांसवाड़ा के गोविन्द गुरु जनजातीय विवि को मिली थी। सहायक प्रोफेसर और कॉलेज लेक्चरर की भर्ती के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या सेट होना जरूरी है

## Yesterday Revision

01. राज्य सरकार द्वारा दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 2 जिलों झालावाड़ व टोंक को 'मॉडल जिले' के रूप में विकसित किया जा रहा है।

02.रीको (RIICO) द्वारा राजस्थान के भीलवाड़ा के कांखला में मेगा जिंक पार्क बनाया जाएगा

03. निअलवर के मुंशीबाग खेल मैदान में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय शूटिंगबॉल महिला-पुरुष प्रतियोगिता का समापन हुआ, फाइनल में पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र की टीम ने खिताब अपने नाम किया

04. 26-27 अप्रैल को उदयपुर के अटल सभागार में दो दिवसीय ‘छठे शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव’ का भव्य आयोजन किया गया

05. राजस्थान के वन क्षेत्रों में वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर 'वॉटरहोल पद्धति' से 24 घंटे की वन्यजीव गणना 1 मई से शुरू की जाएगी

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान सरकार ने युवाओं के लिए विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण हेतु विद्यसी एजुकेशन कंपनी के साथ भी समझौता किया है.

(B) इसके तहत युवाओं को जर्मन, जापानी, फ्रेंच, रूसी और कोरियन जैसी भाषाएं सिखाई जाएंगी

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- 1 मई को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में एक खास कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार ने युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया. यहां "विदेशी भाषा एवं संचार कौशल कार्यक्रम" के तहत अहम समझौते किए गए.
- सरकार ने अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ मिलकर योजना शुरू की है. इसके तहत युवाओं को जर्मन, जापानी, फ्रेंच, रूसी और कोरियन जैसी भाषाएं सिखाई जाएंगी. इससे युवा सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पढ़ाई और नौकरी के अच्छे मौके पा सकेंगे
- सरकार ने विद्यसी एजुकेशन कंपनी के साथ भी समझौता किया है. इसके तहत हर जिले में सेमिनार होंगे और गांव स्तर पर लोगों को गाइड किया जाएगा

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान ने अष्टम पोषण पखवाड़ा 2026" में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

(B) 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चले इस अभियान में प्रदेश ने सर्वाधिक गतिविधियां आयोजित कर 112.33 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित "अष्टम पोषण पखवाड़ा 2026" में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चले इस अभियान में प्रदेश ने सर्वाधिक गतिविधियां आयोजित कर 112.33 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की।
- राज्य के 41 जिलों के 62,139 आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुल 45,37,229 गतिविधियों का आयोजन किया गया, जो प्रदेश की अभूतपूर्व सक्रियता और जनभागीदारी को दर्शाता है।
- अभियान की थीम "जीवन के प्रथम छह वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास" रही, जिसके तहत बच्चों, गर्भवती महिलाओं, माताओं और समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

03. हाल ही में जयपुर में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के नवस्थापित कार्यालय एवं प्रशासनिक परिसर का उद्घाटन किसने किया?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) वासुदेव देवनानी

(C) राहुल गांधी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गांधी नगर स्थित राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के नवस्थापित कार्यालय एवं प्रशासनिक परिसर का उद्घाटन किया।
- उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. देवनानी ने बोर्ड की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली का शुभारंभ किया तथा इलेक्ट्रोपैथी न्यूज़ लेटर के तृतीय संस्करण और आरोग्य मेला पुस्तिका का भी लोकार्पण किया।
- उन्होंने नई पीढ़ी को भारतीय वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों से जोड़ने पर बल दिया।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) इंटरनेशनल एयरपोर्ट जयपुर को वॉटर पॉजिटिव एयरपोर्ट का दर्जा मिला है

(2) ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म ब्यूरो वेरिटास ने इसे वॉटर पॉजिटिव का एक्रेडिटेशन सर्टिफिकेट जारी किया है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- इंटरनेशनल एयरपोर्ट जयपुर को वॉटर पॉजिटिव एयरपोर्ट का दर्जा मिला है। जल संकट वाले क्षेत्र में स्थित एयरपोर्ट ने उपयोग से अधिक पानी बचाकर मिसाल पेश की।
- ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म ब्यूरो वेरिटास ने इसे वॉटर पॉजिटिव का एक्रेडिटेशन सर्टिफिकेट जारी किया है। साथ ही जयपुर एयरपोर्ट प्रदेश का पहला और देश के चुनिंदा एयरपोर्ट्स में शामिल हो गया है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है।
- अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच 1.03 लाख किलो लीटर पानी उपयोग हुआ, जबकि 1.37 लाख किलो लीटर पानी का संरक्षण किया गया। इसमें 95,139 किलो लीटर पानी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पिट्स से और 41,946 किलो लीटर पानी रीसाइक्लिंग के जरिए बचाया गया।
- एयरपोर्ट पर 18 रिचार्ज पिट बनाए गए हैं, जो वर्षा जल को भू-जल में पहुंचाते हैं। उपयोग किए गए पानी को 100% ट्रीट कर बागवानी में काम लिया जा रहा है।

**05. हाल ही में प्रदेश की पहली हाईटेक पार्क लाइब्रेरी कहां स्थापित की गई है।**

(A) बीकानेर

(B) सीकर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा द्वारा अलवर में प्रदेश की पहली हाईटेक पार्क लाइब्रेरी विद्या कुंज का उद्घाटन किया।
- अलवर शहर के बुद्ध विहार डी-ब्लॉक पार्क में स्थापित की गई है।
- लगभग 45 लाख रुपये की लागत से बनी यह अनोखी लाइब्रेरी हरियाली और प्राकृतिक वातावरण के बीच पढ़ाई की सुविधा प्रदान करती है

जयपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-70

**1** **राज्य** सरकार ने हाल ही में किस जिले के स्टेडियम का नाम बदलकर 'सगत सिंह राठौड़ स्टेडियम' कर दिया है?
(A) चूरू
(B) बीकानेर
(C) डीडवाना-कुचामन
(D) जोधपुर

**2** **राजस्थान** निम्नलिखित में से किन फसलों के उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है?
(A) धनिया, लहसुन और मेथी
(B) सरसों, ईसबगोल और जीरा
(C) चावल, गेहूं और मक्का
(D) जीरा, सोयाबीन और गन्ना

**3** **नेशनल** आर्काइव्स ऑफ इंडिया के उस डिजिटल पोर्टल का नाम बताइए, जहां ऐतिहासिक दस्तावेज उपलब्ध हैं?
(A) ज्ञान पटल
(B) इतिहास दर्पण
(C) ई-धरोहर
(D) अभिलेख पटल

**4** **राजस्थान** सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर अब कुल कितना कर दिया गया है?
(A) 7,500 रुपये
(B) 8,000 रुपये
(C) 9,000 रुपये
(D) 10,000 रुपये

**5** **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत जैसलमेर जिले का खेल कौन सा है?
(A) तीरंदाजी
(B) बॉक्सिंग
(C) जिम्नास्टिक
(D) फुटबॉल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान में 2 दिवसीय 'छठे शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव' का आयोजन कहां किया गया?**

(A) जयपुर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine